


# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के लिए यूरोपीय संघ युवा जनमत संग्रह**

**(EU YOUTH SOUNDING BOARD FOR INTERNATIONAL PARTNERSHIPS)**

## Q1: मैं कैसे आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

कृपया इस आवेदन-पत्र को **31 मार्च और 26 अप्रैल 2021, 23:59 CET के बीच भरें।**
विस्तृत जानकारी के लिए हमारे होम-पेज खंड में **आह्वान के विवरण** देखें।

## Q2: यूथ साउंडिग बोर्ड (YSB) क्या है?

YSB दुनिया भर के 25 युवाओं से मिलकर बना, DG INTPA का परामर्श निकाय है।

यह यूरोपीय संघ की बाहरी कार्यकलापों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में युवाओं की सार्थक भागीदारी का स्थल है। YSB युवाओं को यूरोपीय संघ के बाहरी कार्यकलापों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारियों को प्रभावित करने देगा और इस तरह यूरोपीय संघ के सहयोगी देशों में युवाओं के लिए यूरोपीय संघ के कार्यकलापों को अधिक सहभागीय, प्रासंगिक और प्रभावी बनाने में योगदान देगा।

YSB अपनी कार्य-योजना और क्रियाकलापों को DG INTPA से बातचीत करके परिभाषित करेगा। YSB स्थापित होने के बाद YSB की गतिविधियों के दायरे के विवरणों पर चर्चा की जाएगी और YSB सदस्यों के साथ, आगे स्पष्ट किया जाएगा।

## Q3: क्या मैं व्यक्तिगत और संगठन के सदस्य, दोनों के रूप में आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

नहीं, एक व्यक्ति केवल एक बार ही आवेदन कर सकता है। आपको तय करना होगा कि आप व्यक्तिगत उम्मीदवार के रूप में आवेदन करना चाहते/चाहती हैं या किसी संगठन द्वारा नामित उम्मीदवार के रूप में। दोहरी प्रविष्टियों के परिणामस्वरूप आवेदन अयोग्य ठहराए जा सकते हैं।

## Q4: आप किसी युवा और युवाओं के नेतृत्व वाले संगठन को कैसे परिभाषित करते हैं?

युवा संगठन समाज में (आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में) तथा स्थानीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सार्वजनिक-नीति बनाने और कार्यान्वयन में सार्थक युवा भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुशासन और विकास के तत्वों के रूप में सुस्पष्ट युवा भागीदारी और सशक्तिकरण के प्रयोजन वाला नागरिक समाज संगठन हैं।

युवा-नेतृत्व वाले संगठनों को ऐसा संगठन मानना चाहिए जिनमें निर्णय लेने वाले अधिकांश पदों पर 30 वर्ष से कम आयु के युवा होते हैं, या युवाओं के नेतृत्व वाले ऐसे ढाँचे होते हैं जिनकी निर्णय लेने वाले निकाय□□ में औपचारिक रूप से निर्णायक भूमिका होती है, या कार्य योजना पर निर्णय लेने वाले




अधिकांश सदस्य 30 वर्ष से कम उम्र के युवा होते हैं।

### Q5: युवा भागीदारी और युवा सशक्तिकरण से आपका क्या आशय है?

युवा भागीदारी ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा युवा उन्हें प्रभावित करने वाले मुद्दों पर अपनी बात रखने और प्रभावित करने में सक्षम होते हैं। यह परिवार, स्कूल, स्थानीय समुदाय, सार्वजनिक सेवाएँ और व्यापक सरकारी नीति से लेकर युवा व्यक्ति के जीवन के सभी क्षेत्रों पर लागू होता है।

युवा सशक्तिकरण युवाओं को विशिष्ट अवसर, संसाधन और कौशल प्रदान करने से संबंधित है ताकि वे नागरिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन में पूरी तरह से भाग ले सकें। युवा तब सशक्त होते हैं जब उनकी आवाज़ सुनी जाती है और उनके जीवन को प्रभावित करने वाली असमानताओं का समाधान निकाला जाता है।

यूरोपीय संघ (EU) के बाहरी कार्यकलापों में युवा कार्य-योजना का उद्देश्य रणनीतिक साझेदारों के रूप में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना, उनके सशक्तिकरण का समर्थन करना, अधिक लचीला और समावेशी समाज बनाना और 2030 के एजेंडा संयुक्त राष्ट्र के संवहनीय विकास लक्ष्य (SDGs) और पैरिस जलवायु समझौता जैसी वैश्विक प्रतिबद्धताओं की दिशा में प्रगति करना है।

### Q6: मैं यूरोपीय संघ (EU) में रहता/रहती हूँ, क्या मैं आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

हाँ, YSB उन सभी आवेदकों के लिए खुला है जो पात्र देशों में से किसी एक की नागरिकता रखते हैं या वहाँ रहते हैं। कृपया हमारे होमपेज पर पात्र देशों की सूची देखें।

### Q7: मैं यूरोपीय संघ (EU) में नहीं रहता/रहती हूँ, क्या मैं आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

हाँ, YSB उन सभी आवेदकों के लिए खुला है जो पात्र देशों में से किसी एक की नागरिकता रखते हैं या वहाँ रहते हैं। कृपया हमारे होमपेज पर पात्र देशों की सूची देखें।

### Q8: मुझे आशंका है कि मैं ब्रसेल्स में YSB की बैठकों में शामिल नहीं हो पाऊँगा/पाऊँगी, क्या मैं आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

YSB सदस्यों से ब्रसेल्स में उनके अधिदेश के दौरान भाग लेने की उम्मीद की जाती है। समुचित परिस्थितियों में बैठकों में भाग लेने से छूट दी जा सकती है। फिर भी, समूह के उत्तम कामकाज के लिए नियमित और प्रभावी भागीदारी आवश्यक है। YSB बैठकों में सहभागिता के लिए अपर्याप्त उपलब्धता के फलस्वरूप व्यक्तिगत नियुक्ति निलंबित हो सकती है।

### Q9: मैं एक युवा संगठन का/की सदस्य नहीं हूँ, क्या मैं आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

हाँ, युवा संगठन में आपकी सहभागिता का लिहाज़ किए बिना आप आवेदन कर सकते/सकती हैं। व्यक्तिगत आवेदन श्रेणी सभी युवाओ□ के लिए खुली है।




## Q10: चयन मानदंड क्या हैं?

सभी उम्मीदवारों को निम्नलिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा:

- आवेदन अवधि (26 अप्रैल 2023) के अंत में उम्र 18-30 वर्ष के बीच हो
- YSB को प्रति वर्ष कम से कम 25 दिन समर्पित करने के लिए उपलब्ध हों;
- अंग्रेज़ी पर अच्छी पकड़ हो
- पात्र देशों में से किसी एक देश की नागरिकता रखते हों या वहाँ के निवासी हों (कृपया हमारे होमपेज पर सूची देखें)।

इसके अलावा, व्यक्तिगत उम्मीदवारों का चयन निम्नलिखित आधार पर किया जाएगा:

- युवा भागीदारी और युवा सशक्तिकरण अनुभव;
- आउटरीच और युवा कार्य कौशल व अनुभव, जिसमें युवा संगठनों या युवाओं के नेतृत्व वाली पहल तथा वंचित या कमज़ोर स्थितियों वाले युवाओं के साथ अनुभव शामिल हैं;
- पारंपरिक और सोशल मीडिया संबंधी भाषा कौशल और अनुभव सहित संप्रेषण कौशल;
- YSB के कामकाज और गतिविधियों के लिए आइडिया सहित रचनात्मकता और प्रेरणा।

यदि आप किसी संगठन के नामांकित व्यक्ति के रूप में आवेदन करते हैं, तो निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर आपके संगठन का अतिरिक्त मूल्यांकन किया जाएगा:

- युवा भागीदारी को मजबूत करने और नीतिगत प्रक्रियाओं (परामर्श, पक्षसमर्थन) में योगदान का अनुभव;
- युवाओं तक पहुँचने की क्षमता (सदस्यता आधार, नेटवर्क, कमज़ोर युवाओं तक पहुँचने की संभावना);
- भौगोलिक कवरेज (क्षेत्रीय और/या वैश्विक स्तर पर सक्रिय अंतरराष्ट्रीय युव□ संगठनों / नेटवर्क को प्राथमिकता देते हुए, संगठन को पात्र देशों में सक्रिय होना चाहिए)। कृपया हमारे होमपेज पर पात्र देशों की सूची देखें।

## Q11: क्या YSB सदस्यों को भुगतान किया जाएगा?

YSB में जुड़ाव स्वैच्छिक है। लेकिन, यात्रा और बैठकों से संबंधित लागतों को कवर किया जाएगा और डेटा लागतों के कवरेज के लिए मासिक भत्ता दिया जाएगा।

## Q12: YSB सदस्य क्या काम करेंगे?

YSB सदस्य यूरोपीय संघ (EU) के बाहरी क्रियाकलापों में युवाओं की सहभागिता और सशक्तिकरण पर DG INTPA को सलाह देंगे। वे युवा कार्य योजना के कार्यान्वयन और प्रसार में भी शामिल होंगे। अधिक जानकारी के लिए, कृपया आवेदनों के आह्वान को देखें।

## Q13: YSB सदस्यता में कितना काम शामिल होगा और काम कहाँ किया जाएगा?

कार्य दिवसों की प्रति वर्ष अनुमानित संख्या 25 होगी और YSB के सदस्यों तथा DG INTPA द्वारा




विकसित कार्य-योजना पर निर्भर करेगी।

YSB सदस्यों से प्रति वर्ष कम से कम तीन प्लीनरी बैठकों में भाग लेने, साथ ही बैठकों में ऑनलाइन टूल और प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने तथा यूरोपीय संघ और उसके बाहर अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राष्ट्र स्तर पर इसी तरह की संरचनाओं और मौजूदा युवा पहलों से जुड़कर काम करने की अपेक्षा की जाएगी। YSB की बैठकें ऑनलाइन के साथ-साथ ब्रसेल्स में भी होंगी। इसके अलावा, YSB के सदस्यों को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने हेतु सफ़र के लिए आमंत्रित किया जा सकता है।

### Q14: हमारा संगठन यूरोपीय देश (EU) में स्थित है, क्या हम आवेदन कर सकते हैं?

संगठन सीधे आवेदन नहीं कर सकते हैं, लेकिन अपना समर्थन देकर युवाओं को आवेदन करने के लिए नामांकित कर सकते हैं (संगठनों के लिए चयन मानदंड देखें)।

पात्र देशों में सक्रिय संगठन युवाओं को YSB सदस्य के रूप में नामित कर सकते हैं। कृपया हमारे होमपेज पर पात्र देशों की सूची देखें।

### Q15: हमारा संगठन यूरोपीय देश (EU) में मौजूद नहीं है, क्या हम आवेदन कर सकते हैं?

संगठन सीधे आवेदन नहीं कर सकते हैं, लेकिन अपना समर्थन देकर युवाओं को आवेदन करने के लिए नामांकित कर सकते हैं (संगठनों के लिए चयन मानदंड देखें)।

पात्र देशों में सक्रिय संगठन युवाओं को YSB सदस्य के रूप में नामित कर सकते हैं। कृपया हमारे होमपेज पर पात्र देशों की सूची देखें।

### Q16: संगठनों के लिए चयन मानदंड क्या हैं?

युवा संगठन YSB के सदस्य बनने के लिए अधिमानतः उम्र, लिंग और अनुभव के मामले म□□ विशिष्ट प्रोफ़ाइल वाले दो व्यक्तियों को नामांकित कर सकते हैं। प्रत्येक नामांकित उम्मीदवार को व्यक्तिगत रूप से आवेदन करना होगा। उम्मीदवारों से अनुरोध किया जाएगा कि वे हस्ताक्षरित नामांकन पत्र (हमारी वेबसाइट पर टेम्पलेट देखें) का पीडीएफ़-स्कैन अपलोड करें और अपने संगठन के बारे में और जानकारी प्रदान करें।

चयन दो पहलुओं पर आधारित होगा:

(1) निम्नलिखित को ध्यान में रखते हुए, संगठनों का प्रोफ़ाइल:

- युवा भागीदारी को मजबूत करने और नीतिगत प्रक्रियाओं (परामर्श, पक्षसमर्थन) में योगदान का अनुभव;
- युवाओं तक पहुँचने की क्षमता (सदस्यता आधार, नेटवर्क, कमज़ोर और हाशिए पर रहने वाले युवाओं तक पहुँचने की संभावना);
- क्षेत्रीय और/या वैश्विक स्तर पर सक्रिय अंतरराष्ट्रीय युवा संगठनों / नेटवर्क को प्राथमिकता देते हुए, भौगोलिक कवरेज (संगठन को पात्र देशों में सक्रिय होना चाहिए)।

(2) आह्वान के विकल्प A के तहत वर्णित समान मानदंडों के आधार पर नामांकित उम्मीदवारों की




प्रोफ़ाइल।

कृपया ध्यान दें कि चयनित उम्मीदवारों को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में नियुक्त किया जाएगा।

## Q17: मेरे द्वारा आवेदन करने के बाद के चरण क्या हैं?

आवेदन-पत्र EU सर्वे के ज़रिए **26 अप्रैल 2023** को 23:59 CET तक ऑनलाइन सबमिट किए जा सकते हैं।

सांकेतिक कैलेंडर के अनुसार चयन प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जाएगी:

- पहला चरण: सभी उम्मीदवारों को **30 मई 2023** तक आवेदन के पहले चरण (शॉर्टलिस्ट) के परिणामों की सूचना दी जाएगी
- द्वितीय चरण: शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को **1 से 20 जून 2023** के बीच साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

अंतिम परिणाम: सभी शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को **30 जून 2023** तक अंतिम परिणाम सूचित किए जाएँगे।
YSB की पहली (वर्चुअल) बैठक: **ग्रीष्मकाल 2023**
ब्रसेल्स में बैठक: **अक्तूबर 2023 (संभावित)**

## Q18: मेरे पास विश्वविद्यालय की डिग्री नहीं है, क्या मैं आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

हाँ, YSB युवाओं के लिए, उनकी शिक्षा का लिहाज़ किए बिना, खुला है। हम कम अनुभव वाले युवाओं को भी आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## Q19: मेरे पास अंग्रेज़ी भाषा का प्रमाण-पत्र नहीं है, क्या मैं आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

हाँ, आप Common European Framework of Reference for Languages CEFR टूल का उपयोग करके अपने भाषा-कौशल का स्व-मूल्यांकन कर सकते हैं। लेकिन, साक्षात्कार अंग्रेज़ी में संपन्न होंगे और इस स्तर पर उम्मीदवारों के भाषा कौशल का मूल्यांकन किया जाएगा।

## Q20: मैं सुनने या/और बोलने में अक्षम हूँ, क्या मैं इस स्थिति में भी आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

हाँ, हम विकलांग लोगों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## Q21: क्या कम अनुभव वाले युवा भी आवेदन कर सकते हैं?

हाँ, सभी प्रेरित युवा आवेदन कर सकते हैं, जिनमें कम अनुभव वाले भी शामिल हैं।




YSB विविध और समावेशी होने का उद्देश्य रखता है। इसे विभिन्न आयु समूहों, दिलचस्पियों और विशेषज्ञता के क्षेत्रों, लिंग, सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और देशों/क्षेत्रों (उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देते हुए जिनमें DG INTPA सक्रिय हैं, जैसे उप-सहारा अफ़्रीका, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन, मध्य पूर्व, एशिया और पैसेफ़िक तथा यूरोपीय संघ, प्रवासी समुदायों सहित) से विचारों और अनुभवों को एक साथ लाना चाहिए। विशेष आवश्यकताओं, विकलांगताओं, कमजोर स्थिति वाले या अल्पसंख्यक समूहों के उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### Q22: कौन-से देश पात्र हैं?

पात्र देशों की सूची हमारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

### Q23: निवास का देश पात्र क्यों नहीं है? / मैं जिस देश का/की नागरिक हूँ, वह देश पात्र क्यों नहीं है?

अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के लिए यूरोपीय संघ युवा जनमत संग्रह, यूरोपीय संघ के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और विकास के भौगोलिक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के लिए यूरोपीय संघ के आयुक्त जट्टा उरपिलेनेन (Jutta Urpilainen) के अधिदेश के लिए प्रासंगिक होगा।

### Q24: क्या 18 वर्ष से कम या 30 वर्ष से अधिक आयु के उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं?

नहीं, आह्वान केवल उन उम्मीदवारों के लिए खुला है जिनकी उम्र आवेदन अवधि (26 अप्रैल 2023) के अंत में 18-30 वर्ष के बीच होगी।

### Q25: नामांकन पत्र के बारे में: मैं संगठन का/की निदेशक/अध्यक्ष हूँ और मैं वह व्यक्ति हूँ जो संगठन के लिए अधिकृत और हस्ताक्षर कर सकता/सकती हूँ। क्या मैं स्वयं को नामांकित कर सकता/सकती हूँ?

हाँ, आप ख़ुद को नामांकित कर सकते हैं। वैकल्पिक रूप से, आप पत्र में समस्या का संकेत भी दे सकते हैं और पत्र पर संगठन के किसी अन्य सदस्य (बोर्ड सदस्य, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि) के हस्ताक्षर करवा सकते हैं।

### Q26: क्या नामांकित संगठनों को युवा-नेतृत्व करने की आवश्यकता है या क्या वे युवा-केंद्रित संगठन हो सकते हैं?

नामांकित संगठनों की संगठनात्मक संरचना के संबंध में कोई प्रतिबंध लागू नहीं है। लेकिन, नामांकित संगठनों का निम्नलिखित मानदंडों के प्रति मूल्यांकन किया जाएगा:

- युवा भागीदारी को मजबूत करने और नीतिगत प्रक्रियाओं (परामर्श, पक्षसमर्थन) में योगदान का अनुभव




- युवाओं तक पहुँचने की क्षमता (सदस्यता आधार, नेटवर्क, कमज़ोर युवाओं तक पहुँचने की संभावना)
- क्षेत्रीय और/या वैश्विक स्तर पर सक्रिय अंतरराष्ट्रीय युवा संगठनों / नेटवर्क को प्राथमिकता देते हुए, भौगोलिक कवरेज (संगठन को पात्र काउंटियों में सक्रिय होना चाहिए)।

**Q 27: क्या अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के लिए पिछले युवा जनमत संग्रह द्वारा किए गए कार्यों के कोई उदाहरण मौजूद हैं?**

YSB का 2021-2023 समूह युवा कार्य-योजना के सह-निर्माण की प्रक्रिया से जुड़ा था। YSB ने यूरोपीय संघ के बाहरी क्रियाकलापों से संबंधित युवा कार्य-योजना के लिए परामर्शों के संदर्भ में तैयार 'युवाओं का सार्थक समावेश:आशाजनक भविष्य' रिपोर्ट का मसौदा तैयार किया। रिपोर्ट में, दुनिया भर के युवा अपनी राय जताते हैं, उन चुनौतियों के बारे में विचार साझा करते हैं जिनका वे सामना करते हैं और समाधान प्रस्तावित करते हैं।

YSB सदस्यों ने अपनी दीर्घकालिक परियोजनाओं (LTPs) में चार विषयों पर भी काम किया: **विविधता और समावेश, अंतर-पीढ़ीगत संवाद, नेतृत्व और समुदाय-निर्माण तथा युवाओं के लिए आउटरीच।** LTPs के परिणामों को INTPA कार्यों और युवाओं से संबंधित प्रोग्रामिंग में शामिल किया जा रहा है।

**Q 28: क्या मैं अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में आवेदन-पत्र भर सकता/सकती हूँ?**

नहीं, आवेदन-पत्र केवल अंग्रेज़ी में ही सबमिट किए जा सकते हैं। उम्मीदवारों की अंग्रेज़ी पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए कृपया Q18 भी देखें।

**Q 29: यदि मैं किसी युवा संगठन का कर्मचारी हूँ तो क्या मैं आवेदन कर सकता/सकती हूँ?**

हाँ, पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले युवा या तो व्यक्तिगत रूप से या युवा संगठन द्वारा नामित उम्मीदवार के रूप में आवेदन कर सकते हैं।

**Q30: मुझसे इस कार्य के लिए कितना समय अपेक्षित है?**

YSB सदस्य प्रति वर्ष कम से कम तीन प्लीनरी बैठकें आयोजित करेंगे, और बैठकों के बीच में ऑनलाइन टूल और प्लेटफ़ॉर्म के उपयोग से चर्चा और विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। वे अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राष्ट्र स्तर पर यूरोपीय संघ और भागीदार देश, दोनों में इसी तरह की संरचनाओं और मौजूदा युवा पहल के साथ संपर्क भी करेंगे। कार्य दिवसों की प्रति वर्ष अनुमानित न्यूनतम संख्या 25 होगी और यह बोर्ड और DG INTPA द्वारा विकसित कार्य योजना पर निर्भर करेगा, जिसमें उपर्युक्त प्रयोजन और संबंधित क्रियाकलाप शामिल किए गए हों। प्रति वर्ष तीन बैठकें कामकाजी सप्ताह और/या सप्ताहांत (आधे या पूरे दिन) के दौरान आयोजित की जाएँगी। अन्य क्रियाकलाप ज़्यादा लचीले तरीक़े से आयोजित किए जा सकते हैं।




**Q31: क्या 2023 में शारीरिक रूप से उपस्थिति के साथ बैठकें होंगी?**

परिस्थितियों के आधार पर और स्वास्थ्य-रक्षा संबंधी प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए YSB की बैठकें वर्चुअल, हाइब्रिड या शारीरिक मौजूदगी में आयोजित की जाएँगी।

ग्रीष्मकालीन 2023 पहली बैठक वर्चुअल होगी। अगली बैठक ब्रसेल्स में अक्तूबर 2023 में (संभावित) हो सकती है।